प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

शिक्षक

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए हैं कि सी.बी.एस.ई से संबद्ध स्कूलों के लिए चयनित शिक्षकों का उनके मूल कैडर में अधिकार सुरक्षित रखा जाए, ताकि उनके पदोन्नति के अवसर प्रभावित न हों। उन्होंने शिमला में एक बैठक में सरकारी स्कूलों को सी.बी.एस.ई. से संबद्ध करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने सी.बी.एस.ई. स्कूलों में प्रधानाचार्यों की नियुक्ति के लिए मौजूदा सेवा शर्तों में भी राहत देने और शेष सेवा अवधि की अनिवार्यता को तीन वर्ष से घटाकर दो वर्ष करने को कहा है। उन्होंने कहा कि सी.बी.एस.ई. से संबद्ध स्कूलों का एक अलग लोगो और वर्दी होगी। उन्होंने कहा कि स्कूलों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्कूलों में 'नो मोबाइल फोन नीति' के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की, जो इस वर्ष एक मार्च से लागू होने जा रही है। उन्होंने विभाग को निर्धारित समय–सीमा के भीतर सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार को जन–कल्याणकारी योजनाएं बंद करने की बजाय फिजूलखर्ची रोकने की सलाह दी है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने कई जन–कल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी हैं। बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने प्रदेश के साथ कोई भेदभाव नहीं किया है, और पूर्व सरकार की तुलना में अधिक राशि मिली है।

भेंट

राज्य सभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने नई दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने दोनों केन्द्रीय मंत्रियों से केन्द्र के सहयोग से प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। सिकंदर कुमार ने केन्द्रीय मंत्रियों से बजट में प्रदेश के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए भरपूर सहयोग और आवश्यक वित्तीय सहायता देने के लिए आभार जताया।

नड्डा दौरा

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा का आज से प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आने का कार्यक्रम है। वे आज शाम बिलासपुर ज़िले में अपने पैतृक गांव विजयपुर पहुंचेगे। जे.पी. नड्डा कल 15 फरवरी को हमीरपुर के नेरी स्थित ठाकुर राम सिंह हिस्टोरिकल रिसर्च इंस्टीच्यूट में एक बैठक में भाग लेंगे।

मुद्रा योजना

किसानों को वित्तीय संबल और युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा अनेक कृषि ऋण योजनाओं सहित प्रधानमंत्री मुद्रा योजना लागू की जा रही हैं। किसान क्रेडिट कार्ड योजना, संशोधित ब्याज अनुदान योजना, पशुपालकों और मछुआरों के लिए कार्यशील पूंजी ऋण योजना और केंद्रीय कृषि कामधेनु स्वर्ण ऋण योजना इन प्रमुख केन्द्रीय कृषि प्रोत्साहन योजनाओं में शामिल हैं। इनके माध्यम से लाखों किसान परिवारों को बैंकों के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने के लिए आसानी से ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे ऊना संवाददाता.......

किसानों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने और युवाओं को स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए उना जिले के बैंकों ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही तक केंद्र सरकार द्वारा शुरू कर गई विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं के अतंर्गत किसानों को 557 करोड़ रूपये और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 139 करोड़ रूपये ऋण के रूप में वितरित किए गए। जिले में 31 दिसंबर 2025 तक 54 हजार 911 किसानों को कृषि कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। किसानों की आय बढ़ाने और कृषि औजारों की खरीद हेतू ऋण उपलब्ध कराने तथा लघु व कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित करने व ऋण वितरण के अलावा अधिक से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रयास को गति दी जा रही है। आकाशवाणी के लिए ऊना से राजेश शर्मा............

हादसा

किन्नौर जिले में निचार उपमंडल के तहत जानी संपर्क मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में 4 लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है।

अपील

सिरमौर जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से शिवरात्रि के दिन शिरगुल स्थली चूड़धार न जाने की अपील की है। प्रशासन के अनुसार चूड़धार घाटी में अभी भी 6 फीट से अधिक बर्फ जमी हुई है। ऐसे में इस क्षेत्र में सफर करना खतरे से खाली नहीं है। जिला उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने कहा कि इस संबंध

में उपमंडल अधिकारी संगड़ाह की ओर से भी ऐडवाईज़री जारी की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा एक दिसंबर से अप्रैल माह तक चूड़धार यात्रा के लिए जाने पर रोक लगाई गई है।